(Pages : 6)

**ME 919**

Sl. No.

# SSLC MODEL EXAMINATION, MARCH - 2021

## HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours | Total Score : 40

**निर्देश :**

- पहले 20 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- सूचनाएँ ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।
- उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें।
- 1 से 31 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 40 है।

Score

**सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> बादल बहुत बरस लिए थे। फिर भी बहुत सारा पानी उनमें बचा हुआ था। वे खेतों, जंगलों के ऊपर छाए हुए थे। सारा आकाश मेघों से भरा था। मेघों की छायाओं में गीली हवाएँ इधर-उधर घूम रही थीं। पेड़ों के तने अभी भी गीले थे।

1. बहुत सारा पानी उनमें बचा हुआ था। किनमें? 1

2. 'उनमें' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1

   (क) यह (ख) वह (ग) ये (घ) वे

3. अभी-अभी हुई बारिश का वर्णन कहानीकार ने कैसे किया है? 3

4. उचित वाक्यांश चुनें, वाक्यों की पूर्ति करें। 5

   - पानी से गीले थे।
   - बादलों से भरा हुआ था।
   - बादल छाए हुए थे।
   - चल रही थीं।
   - रंग पीला होता है।

| | |
|---|---|
| (क) खेतों के ऊपर | ........................................ |
| (ख) गीली हवाएँ | ........................................ |
| (ग) पेड़ों के तने | ........................................ |
| (घ) मूँगफली के फूल का | ........................................ |
| (ङ) सारा आसमान | ........................................ |

P.T.O.

Score

**सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' पाठ का यह अंश पढ़ें और 5 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते ? वास्तव में हम जानते हैं कि यह व्यक्ति मुसीबत में है और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है। यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह 'जानने' की याद दिलाती है।

5. कवि के अनुसार मनुष्य को कैसे जानना चाहिए ? 1

6. तीन सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 3

हताश व्यक्ति को जानने का मतलब है :

(क) उसकी हताशा को जानना।

(ख) उसकी जाति को जानना।


(ग) उसकी मुसीबत को जानना।

(घ) उसकी असहायता को जानना।

(ङ) उसके नाम, पते और उम्र को जानना।

7. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(सड़क पर; घायल)




8. असहाय मनुष्य की सहायता करना ज़रूरी है। 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कविता के आधार पर टिप्पणी लिखें। 5

Score

**सूचना : 'टूटा पहिया' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 9 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहास की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले!

9. 'लेकिन मुझे फेंको मत' - किसको? 1

(क) टूटे पहिए को। (ख) इतिहास को। (ग) सच्चाई को। (घ) रथ को।

10. विशेषण शब्द कौन-सा है? 1

टूटा पहिया

11. टूटा पहिया किसका प्रतिनिधित्व करता है? स्पष्ट करें। 3

12. कवि और कविता का परिचय देते हुए पंक्तियों का आशय लिखें। 5

**सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 13 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

फ़िल्म में हमारे नायक का असल नाम 'कलाम' नहीं है। ढाणी पर काम करनेवाले और बच्चों की तरह उसे भी सब छोटू कहकर बुलाते हैं। उसकी माँ जैसलमेर के किसी सुदूर देहात से आकर उसे भाटी सा की चाय की धड़ी पर काम करने के लिए छोड़ जाती है। वह अंग्रेज़ी तो क्या हिंदी भी ठीक से नहीं जानती। लेकिन छोटू सिर्फ छोटू होकर नहीं जीना चाहता। वह खुद ही अपना नाम 'कलाम' रख लेता है।

13. सही वाक्य चुनकर लिखें। 1

(क) कलाम ढाणी पर काम करती हैं।
(ख) कलाम ढाणी पर काम करती है।
(ग) कलाम ढाणी पर काम करती हूँ।
(घ) कलाम ढाणी पर काम करता है।

Score

14. माँ कलाम को चाय की धड़ी पर क्यों छोड़ जाती है? 1

(क) अंग्रेज़ी पढ़ने के लिए। (ख) काम करने के लिए।

(ग) हिंदी पढ़ने के लिए। (घ) कलाम बनने के लिए।

15. छोटू खुद ही अपना नाम कलाम रख लेता है। क्यों? 3

16. कलाम को चाय की धड़ी पर छोड़कर जाने के प्रसंग पर माँ और भाटी सा के बीच में क्या बातचीत हुई होगी। कल्पना करके लिखें। 5

17. इस प्रसंग के आधार पर छोटू की डायरी लिखें। 5

**सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और 18 से 22 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> गाना अभी आधा ही हुआ था कि स्टेज पर पैसों की बौछार शुरू हो गई। चार्ली ने गाना रोक दिया और घोषणा की कि पहले मैं यह पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा। इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया।

18. सही वाक्य चुनकर लिखें। 1

(क) चार्ली गीत गानी लगे।

(ख) चार्ली गीत गाना लगा।

(ग) चार्ली गीत गाने लगा।

(घ) चार्ली गीत गाने लगी।

19. 'पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा।' ऐसा किसने कहा? 1

20. हॉल हँसीघर में कैसे तब्दील हो गया? 2

21. इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। 5

22. 'चैप्लिन स्मृति मंच' के नेतृत्व में 16 अप्रैल 2021 को चैप्लिन दिवस पर दिल्ली के करोलबाग में 'सर्कस फ़िल्म का समकालीन महत्व' विषय पर संगोष्ठी होनेवाली है। इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें। 5

Score

**सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 23 से 25 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> कुप्पी की धुंधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी। गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी। इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है। किसीके लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते।

23. 'सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते'- यहाँ बदनसीब कौन हैं? 1

(क) निम्न जाति के लोग। (ख) साहू लोग।

(ग) ठाकुर लोग। (घ) ज़मींदार लोग।

24. 'इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है।' - किस कुएँ का? 1

25. यह प्रसंग किस सामाजिक व्यवस्था की ओर संकेत करता है? स्पष्ट करें। 3

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और 26 से 28 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> फूलदेई की विदाई के साथ बसंत का यह उत्सव समाप्त हो जाता है। अंतिम दिन इकट्ठी की गई सामग्री से सामूहिक भोज बनाया जाता है। इस आयोजन में बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित होती है। बाकी सारे काम बच्चे करते हैं। उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई से बड़ा बच्चों का कोई दूसरा त्यौहार नहीं है।

26. फूलदेई किसका त्यौहार है? 1

(क) बड़ों का (ख) स्त्रियों का (ग) युवकों का (घ) बच्चों का

27. सामूहिक भोज के आयोजन में बड़ों की क्या भूमिका है? 2

28. हरिद्वार में फूलदेई का त्यौहार समाप्त हो गया। इसपर एक रपट तैयार करें। 5

- फूलों का त्यौहार
- बच्चों के कई कार्यक्रम
- सामूहिक भोज

Score

**सूचना : 'दिशाहीन दिशा' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और 29 से 31 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> अविनाश ने झट से अपना कोट उतारकर उसकी तरफ़ बढ़ा दिया। कहा, "लो, तुम यह पहन लो। अभी हम लौटकर नहीं चलेंगे। तुम्हें कोई गालिब की चीज़ याद हो, तो सुनाओ।"

**29.** अविनाश ने कोट उतारकर किसको दिया? **1**

(क) मोहन राकेश को। (ख) बूढ़े मल्लाह को।

(ग) गरीब को। (घ) भिखारी को।

**30.** यहाँ 'गालिब की चीज़' का तात्पर्य क्या है? **1**

**31.** मान लें, भोपाल से लौटकर मोहन राकेश ने शुक्रिया अदा करते हुए अपना मित्र अविनाश को पत्र लिखा। वह पत्र कल्पना करके लिखें। **5**

- भोपाल स्टेशन में उतरना।
- रात को भोपाल में घूमना।
- नाव में भोपाल ताल की यात्रा।
- मल्लाह का गज़ल गायन।

-oOo-